>

Title: Regarding extension of Kolhapur - Bidar Express upto Hyderabad-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर): रेल मंत्रालय द्वारा लातूर संसदीय क्षेत्र (महाराष्ट्र) एवं इसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए एवं आर्थिक तथा व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कोल्हापुर-बीदर गाड़ी (11415/11416) शुरू की गयी थी लेकिन यह गाड़ी केवल सप्ताह में एक दिन ही है । इसकी टाइमिंग आम लोगों और खासकर महिलाओं के लिए सुविधाजनक नहीं होने के नाते इस गाड़ी का भरपूर उपयोग नहीं हो पा रहा है । इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से मेरे संसदीय क्षेत्र लातूर और उस्मानाबाद की आम जनता की ओर से मांग करना चाहता हूँ कि इस कोल्हापुर-बीदर रेलगाड़ी को कोल्हापुर-हैदराबाद किया जाये एवं कोल्हापुर पहुँचने के समय में सुविधाजनक परिवर्तन किया जाये जिससे और अधिक लोग लाभान्वित हों एवं रेलवे को भी अधिक राजस्व की प्राप्ति हो सके ।

माननीय रेल मंत्री इस पर उचित निर्देश देंगे एवं जल्द ही इस मांग को लागू करेंगे ऐसी हमारे क्षेत्र के लोगों की आशा एवं प्रार्थना है ।